केंद्रीय विद्यालय संगठन (मुख्यालय)
शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्त निकाय
18, संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-110016
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN (HQ)
An Autonomous Body under Ministry of Education, Govt. of India
18, Institutional Area, S.J.S. Marg, New Delhi-110016
दूरभाष/Tel.: 26533749 वैबसाइट/Website: www.kvsangathan.nic.in
ईमेल/Email :kvshindisection@gmail.com

11025/01/2025-केविसं(मु)/हिं 13409

दिनांक :31 08.2026

**विषय :- केन्द्रीय विद्यालय संगठन में सितंबर- 2026 में हिंदी माह का आयोजन किया जाना ।**
**संदर्भ : शिक्षा मंत्रालय के दिनांक 06.08.2026 के पत्रांक 12011/01/2022-रा.भा.ए.**

उपर्युक्त विषय पर निर्देशानुसार केविसं (मु०) में सितम्बर 2026, हिंदी माह का आयोजन किया जाना अपेक्षित है। इसी संदर्भ में कार्यालय में दिनांक 01 से 30 सितंबर, 2026 तक निम्नलिखित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा :-

| क्र.सं. | दिनांक / दिन | समय | कार्यक्रम / प्रतियोगिता | प्रतिभागिता | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01.09.2026 मंगलवार | पूर्वाह्न 11.00 बजे | उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन, कार्यक्रम की रूपरेखा, आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में, | केविसं (मु0) के सभी अनुभाग अधिकारी तक | माँ सरस्वती का प्रांगण |
| 2 | 03.09.2026 गुरुवार | अपराह्न 2.30 - 3.30 बजे | सुलेख प्रतियोगिता | नियमित सब-स्टाफ एवं संविदा कर्मचारियों हेतु जिनमें पुरस्कारों का विभाजन भी पृथक- पृथक किया जाएगा । | भीष्म सभागार |
| 3 | 07. 09.2026 सोमवार | अपराह्न 2.30 - 3.30 बजे | कंप्यूटर पर हिंदी टंकण प्रतियोगिता | नियमित व.स.स. एवं क.स.स. तथा अनुबंधित (डीईओ) कर्मचारियों हेतु जिनमें पुरस्कारों का विभाजन भी पृथक-पृथक किया जाएगा | हिंदी अनुभाग |
| 4 | 09.09.2026 बुधवार | अपराह्न 2.30 - 3.30 बजे | हिंदी टिप्पण/ प्रारुप लेखन प्रतियोगिता | नियमित अधिकारी/ कर्मचारी | भीष्म सभागार |
| 5 | 14.09.2026 सोमवार | पूर्वाह्न 11.00 बजे | हिंदी दिवस के अवसर पर माननीय शिक्षा मंत्री का संदेश एवं आयुक्त, महोदय की अपील का वाचन | केविसं (मु0) के सभी अनुभाग अधिकारी (कार्यालय में उपलब्ध वरिष्ठ अधिकारी की की अध्यक्षता में) | भीष्म सभागार |
| 6 | 17.09.2026 गुरुवार | अपराह्न 2.30 - 3.30 बजे | निबंन्ध लेखन प्रतियोगिता | नियमित अधिकारी/कर्मचारी | भीष्म सभागार |
| 7 | 21.09.2026 सोमवार | अपराह्न 3.00 - बजे | कार्यालय में अनुभागों की राजभाषा कार्यान्वयन प्रदर्शनी प्रतियोगिता | केविसं (मु0) के सभी अनुभाग | भीष्म सभागार |
| 8 | 23.09.2026 बुधवार | अपराह्न 2.30 - 3.30 बजे | प्रशासनिक शब्दावली प्रतियोगिता | नियमित अधिकारी/कर्मचारी | भीष्म सभागार |
| 9 | 24.09.2026 गुरुवार | अपराह्न 2.30 - 3.30 बजे | कविता पाठ प्रतियोगिता | केवल अनुबंधित आधार पर नियुक्त कर्मचारियों के लिए | भीष्म सभागार |
| 10 | 28.09.2026 सोमवार | अपराह्न 2.30 - 4.30 बजे | तिमाही प्रगति रिपोर्ट के प्रपत्र पर चर्चा ( हिंदी कार्यशाला ) | नियमित अधिकारी/कर्मचारी | भीष्म सभागार |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 11. | 29.09.2026 मंगलवार | अपराह्न 2.30 - 3.30 बजे | संघ की राजभाषा नीति /हिंदी पुस्तकों की उपलब्धता पर चर्चा –परिचर्चा | केविसं (मु0) के सभी अनुभाग-अधिकारी | भीष्म सभागार |
| 12. | 30.09.2026 बुधवार | आयुक्त महोदय की सुविधानुसार उनकी अनुमति से | हिन्दी माह (समापन-समारोह) | केविसं (मु0) के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी गण | भीष्म सभागार |

**02. नियम एवं शर्तें :**

इन प्रतियोगिताओं के लिए प्रमुख नियम एवं शर्तें : -

1. किसी भी एक प्रतियोगिता में पाँच से कम प्रतिभागी होने पर प्रतियोगिता रद्द की जा सकती है ।
2. हिंदीतर भाषी(Non Hindi) कर्मचारियों को मूल्यांकन में 20% अतिरिक्त अंकों का लाभ दिया जाएगा ।
3. हिंदी आशुलिपिक/टंकण के रूप में भर्ती हुए कार्मिक प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं, किन्तु वे किसी पुरस्कार के हकदार नहीं होंगे ।
4. **कंप्यूटर पर हिंदी टंकण प्रतियोगिता के तहत केवल इनस्क्रिप्ट द्वारा किए गए टंकण कार्य को ही पुरस्कार हेतु पात्रता एवं मान्यता प्रदान की जाएगी ।**
5. प्रत्येक प्रतियोगिता में निर्णायक का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा ।
6. किसी एक कार्मिक द्वारा एक से अधिक प्रतियोगिताओं में विजयी रहने पर अधिकतम राशि का केवल एक पुरस्कार दिया जाएगा तथा दूसरी प्रतियोगिता से उनका नाम हटाकर उनके नीचे के क्रम के अगले कार्मिक को उस प्रतियोगिता में पुरस्कार हेतु चयनित किया जाएगा ।
7. हिंदी अनुभाग में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के पात्र नहीं होंगे ।
8. प्रशासनिक कारणों से तिथियों एवं स्थान इत्यादि में परिवर्तन भी किया जा सकता है ।
9. कविता पाठ प्रतियोगिता के अंतर्गत स्वरचित कविता को प्राथमिकता देते हुए अधिक अंक प्रदान किए जाएंगे ।

**03. पुरस्कार :**

नियमित एवं संविदा आधारित अधिकारियों / कर्मचारियों के लिए प्रथम पुरस्कार रु. 5100/-(पांच हजार एक सौ), द्वितीय पुरस्कार रु. 3100/-(दो हजार एक सौ) तृतीय पुरस्कार रु. 2100/-(एक हजार एक सौ) एवं सांत्वना पुरस्कार 1100/-(एक हजार एक सौ) का होगा ।

**संक्षेप में संगठन(मुख्या.) के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों तथा अनुभागों से आग्रह है कि आप दिनांक 01 सितंबर से 30 सितंबर, 2026 तक अपना समस्त सरकारी काम राजभाषा हिंदी में करके इस संवैधानिक अपेक्षा का पालन करें । साथ ही उपर्युक्त प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें । वरिष्ठ अधिकारियों से यह भी अनुरोध है कि इसकी जानकारी अपने कार्यालय/अनुभाग के सभी कर्मचारियों को देने की कृपा करें तथा प्रतिभागिता हेतु अधिकारी/कर्मचारी अपने नाम दिनांक 01.09.2026 (पूर्वाह्न) तक संलग्न प्रपत्र में भरकर हिंदी अनुभाग में भिजवाने का कष्ट करें ।**

**हिंदी माह का समापन दिनांक 30.09.2026 को माननीय आयुक्त महोदय के कर-कमलों द्वारा किया जाएगा ।**

31/08/2026

(नीलम)
संयुक्त आयुक्त (प्रशासन)

**संलग्नक : नामांकन प्रपत्र**

वितरण : -
1. संगठन (मुख्या.) के सभी अधिकारियों एवं अनुभागों को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ।
2. सूचनापट्ट/ ई-ऑफिस नोटिस बोर्ड ।
3. गार्ड फाइल ।